प्रेस नोट
जनपद सोनभद्र
दिनांक 20.12.2024

सोनभद्र पुलिस का अनवरत प्रहार, थाना कोन पुलिस द्वारा 02 अदद वाहनों से कुल 345.6 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत 03 लाख रुपये) किया गया बरामद, 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार-

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा चालये जा रहे अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम व इन्टर स्टेट बार्डर चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में थाना कोन पुलिस द्वारा दिनांक 19.12.2024 की रात्रि को संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग/बैरियर बार्डर चेकिंग के दौरान 02 अदद वाहन संख्या क्रमशः BR 06 AQ 3593 अल्टो कार, BR 01 GL 0801 पिकअप से 40 पेटी में 1920 पाउच 180ML **कुल 345.6 लीटर ऑफिसर च्वाइस अवैध अंग्रेजी शराब (03 लाख रुपये) बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।** उक्त बरामदगी के आधार पर थाना कोन पर मु0अ0सं0- 152/2024 धारा- 60/63/72 Ex. Act का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि यह गाड़ी के वाहन स्वामी सोनू राय यादव पुत्र उमेश राय यादव, निवासी ग्राम सोनपुर, थाना सोनपुर, जनपद छपरा, बिहार है। सोनू राय द्वारा भेजा गया कही भी किसी द्वारा चेक किया जाता है तो बताया जाता है कि सब्जी रॉबर्ट्सगंज मण्डी पहुंचाकर आ रहे है। बिहार मे शराब बन्दी होने के कारण व नये वर्ष आने वाला है जिससे बिहार में शराब की मांग है इसलिए हम लोगों ने रॉबर्ट्सगंज से सस्ती दामों में खरीदकर बिहार में अधिक दामो में हम लोग बेचते है। जिससे ज्यादा लाभ मिलता है। इसके पहले हम लोग रास्ते बदल-बदल कर शराब ले जाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. अभिमन्यु कुमार पुत्र शत्रुधन सिंहा निवासी ग्राम छाजन पशरवारा, थाना कुढ़नी, जनपद मुजफ्फरपुर(बिहार)।
2. पवन कुमार पुत्र भोला महतो निवासी ग्राम सोनपुर, थाना सोनपुर, जनपद छपरा(सारन) बिहार।

बरामदगी का विवरण-

1.40 पेटी में कुल 345.6 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (कीमत लगभग 03 लाख रुपये) बरामद।
2. 02 अदद वाहन BR 06 AQ 3593 अल्टो कार, BR 01 GL 0801 पिकअप।

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
2. निरीक्षक रामस्वरुप वर्मा, एसओजी प्रभारी, जनपद सोनभद्र।
3. उ0नि0 श्रीकान्त राय, चौकी प्रभारी चननी, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
4. उ0नि0 मनोज कुमार सिंह, चौकी प्रभारी चकरिया, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
5. उ0नि0 हवलदार पाल, चौकी प्रभारी चाचीकलां, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
6. उ0नि0 राहुल पाण्डेय, चौकी प्रभारी पोखरिया, थाना कोन, जनपद सोनभद्र।
7. हे0का0 सतीश पटेल, हे0का0 संजय चौहान, का0 प्रेमप्रकाश चौरसिया, का0 अजीत कुमार, का0 जयप्रकाश सरोज एसओजी टीम, जनपद सोनभद्र।